EEFI

# ELECTRICITY EMPLOYEES' FEDERATION OF INDIA

B.T. Ranadive Bhawan, 13A, Rouse Avenue, New Delhi-110 002
E-mail id – eefederation@gmail.com, Mob. No. 8800580584 / 8918372750

ELAMARAM KAREEM (Ex-M.P.)
President

S RAJENDRAN
Treasurer

SUDIP DUTTA
General Secretary

No. 10/ईईएफआई/सर्कुलर/02/2025 Date: 6 जून 2025

## सर्कुलर

बीटीआर बीटीआर भवन, नई दिल्ली में 2 जून 2025 को EEFI के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक ने EEFI के पूर्व पदाधिकारी और केरल बिजली आंदोलन के वरिष्ठ नेता कॉमरेड वी.एस. अजीत कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया।

कॉमरेड ई. करीम ने अपने अध्यक्षीय भाषण में वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय परिस्थितियों पर प्रकाश डाला। इस बैठक में 2–3 मई 2025 की वर्किंग कमेटी में लिए गए निर्णयों, वर्तमान औद्योगिक एवं संगठनात्मक मुद्दों की समीक्षा की गई और आगे के कार्यों का निर्धारण किया गया।

बैठक में लिए गये प्रमुख निर्णय निम्नलिखित हैः

1. क्षेत्रीय प्रभारियों को संबद्ध यूनियनों के साथ नियमित और सीधा संपर्क स्थापित करना होगा तथा पिछली बैठकों में लिए गए कार्यों का अनुसरण करना होगा। सभी क्षेत्रीय प्रभारियों को प्रत्येक पदाधिकारी/वर्किंग कमेटी बैठक से सात दिन पहले EEFI केंद्र को गतिविधियों की लिखित रिपोर्ट भेजनी होगी।

   **निम्नलिखित प्राथमिक संगठनात्मक कार्यों को अत्यंत गंभीरता से लागू किया जाएः**

   a) सदस्यता रजिस्टर को नियमित और डिजिटल बनाना,
   b) यूनियनों के जनवादी कार्यप्रणाली को व्यवस्थित करना,
   c) EEFI केंद्र के साथ समन्वय नियमित करना,
   d) सभी EEFI संचारों/पत्राचारों को प्रिंट करके फाइल करना और यूनियन समितियों को रिपोर्ट देना,
   e) संबंधित राज्यों में उद्योग और आंदोलन की स्थिति में परिवर्तन/गतिविधियों के बारे में EEFI केंद्र को नियमित अपडेट देना।

2. 31 मई 2025 तक निम्नलिखित उप–समितियाँ बनाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन यह कार्य पूरा नहीं हो सका। अब इन उप–समितियों को 30 जून 2025 तक गठित करना और कम से कम एक ऑनलाइन बैठक आयोजित करनी होगी।

   **समितियों और संयोजकों की सूचीः**

   a) न्यू मीडिया उप–समितिः एम.जी. सुरेश कुमार
   b) पॉलिसी रेस्पॉन्स टीमः अरुल सेल्वन और शाइन राज
   c) कामकाजी महिला उप–समितिः दीपा के. राजन

*पृष्ठ 2 पर जारी...*

ELECTRICITY EMPLOYEES' FEDERATION OF INDIA
B.T. Ranadive Bhawan, 13A, Rouse Avenue, New Delhi-110 002
E-mail id – eefederation@gmail.com, Mob. No. 8800580584 / 8918372750

ELAMARAM KAREEM (Ex-M.P.) President | S RAJENDRAN Treasurer | SUDIP DUTTA General Secretary

No. Date:



d) युवा उप–समितिः हरपाल सिंह
e) वित्त उप–समितिः एस. राजेंद्रन
f) कानूनी उप–समितिः अरुल सेल्वन
g) एनटीपीसी उप–समितिः अरुल सेल्वन
h) पावरग्रिड उप–समितिः एम.जी. सुरेश कुमार

3. अतिरिक्त जिम्मेदारी वाले सभी साथियों को निर्णयों की जानकारी यूनियनों और जनरल काउंसिल सदस्यों तक पहुँचानी होगी और उनके साथ नियमित संपर्क बनाए रखना होगा।

4. **9 जुलाई हड़ताल की तैयारीः** हमारे पास 9 जुलाई की हड़ताल की तैयारी के लिए अभी कुछ और समय मिल पाया है। हड़ताल का अभियान जोर–शोर से चलाने के लिए हमें निम्न कार्य–योजना अपनानी होगी।

   a) कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के बीच सम्पर्क के लिए दो अलग–अलग पर्चे छापकर वितरित करें।
   b) सदस्यों और गैर–सदस्यों के बीच जोरदार अभियान चलाएँ।
   c) उपभोक्ताओं के बीच अभियान चलाएँ।
   d) अन्य NCCOEEE घटकों के साथ शामिल होने का प्रयास करें।
   e) अन्य स्वतंत्र संगठनों के साथ शामिल होने का प्रयास करें।

   **सभी EEFI घटकों को 20 जून 2025 तक हड़ताल नोटिस जमा करें और सभी EEFI सदस्यों का हड़ताल में शामिल होना सुनिश्चित करें।**

5. **निजी क्षेत्र की प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग के खिलाफ अभियानः** निजी क्षेत्र की प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग के खिलाफ संगठित और स्वतः स्फूर्त विरोध हो रहा है। EEFI केंद्र प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग की समस्याओं और केरल के वैकल्पिक मॉडल को शामिल करते हुए एक पैम्फलेट तैयार करेगा, जिसका अनुवाद करके कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के बीच व्यापक रूप से वितरित किया जाएगा।

6. **बिजली कर्मचारी–उपभोक्ता फोरम का गठनः** अब बिजली कर्मचारियों और उपभोक्ताओं का एक संरचित फोरम बनाने का समय आ गया है। CITU, AIKS और अन्य आवासीय संगठनों के साथ चर्चा करके राज्य स्तरीय कन्वेंशन आयोजित करके इस फोरम की शुरूआत की जाएगी। EEFI केंद्र से मॉडल चार्टर और नियमावली भेजी जाएगी। कृपया इसे पूर्ण गंभीरता से लें और आवश्यक योजना बनाएं।

*पृष्ठ 3 पर जारी...*

7. **सदस्यताः** रजिस्ट्रार को जमा किए गये वार्षिक रिटर्न फॉर्म की कॉपी के साथ वर्ष 2024 का सदस्यता शुल्क 30 जून 2025 तक EEFI केन्द्र को जमा कराएं।

8. **युवा कर्मचारियों की बैठकः** EEFI युवा कर्मचारियों की पहली बैठक 24 अगस्त 2025 को हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित की जाएगी। यूनियनों को कोटा और नामांकन प्रक्रिया की जानकारी भेज दी जाएगी। सभी यूनियन उसी के अनुसार ही EEFI केन्द्र को नाम भेजें और इस बैठक में उनकी भागेदारी सुनिश्चित करें।

9. यूनियनों के प्रमुख कैडर्स के लिए जुलाई और अगस्त 2025 में क्षेत्रीय स्तरीय कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। ऐसी कक्षाओं के आयोजन की योजना क्षेत्रीय कमेटियों को करनी होगी।

10. ऊर्जा क्षेत्र की फैडरेशनों के साथ संयुक्त बैठक 27 जुलाई 2025 को तिरुवनंतपुरम, केरल में आयोजित की जाएगी।

11. **फिलिस्तीन और क्यूबा के साथ एकजुटताः** फिलिस्तीन में 61,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। यह नृशंस नरसंहार के खिलाफ पूरी दुनिया उठ खड़ी हुई है। EEFI ने दो महीने पहले फिलिस्तीन के साथ एकजुटता दिवस मनाया था। अब हम दोबारा 18 जून 2025 को देशव्यापी फिलिस्तीन एकजुटता दिवस मनाएंगे। सभी यूनियनों को दोपहर के भोजन अवकाश के समय फिलिस्तीनी जनता के समर्थन में बैनर और पोस्टर लेकर भागीदारी सुनिश्चित करें तथा फोटो के साथ रिपोर्ट EEFI केंद्र को भेजें।

    इसी प्रकार, क्यूबा के लोग घेराबंदी का सामना कर रहे हैं। बिजली कर्मचारी क्यूबा की जनता के समर्थन में धनराशि एकत्रित करेंगे और इसे 30 जून 2025 तक EEFI केंद्र को जमा कराएं।

    EEFI केंद्र से इन मुद्दों पर एक मॉडल पर्चा भेजा जाएगा।

12. WFTU की स्थापना के 80वें वर्षगांठ और USSR की रेड आर्मी द्वारा फासीवाद पर विजय के 80 वर्ष को सेमिनार/संगोष्ठी आयोजित करके मनाएं।

*पृष्ठ 4 पर जारी...*

ELECTRICITY EMPLOYEES' FEDERATION OF INDIA
B.T. Ranadive Bhawan, 13A, Rouse Avenue, New Delhi-110 002
E-mail id – eefederation@gmail.com, Mob. No. 8800580584 / 8918372750

ELAMARAM KAREEM (Ex-M.P.) President | S RAJENDRAN Treasurer | SUDIP DUTTA General Secretary

No. Date:



13. **अगली वर्किंग कमेटी बैठक 30–31 अगस्त 2025 को ऊटी, तमिलनाडु में आयोजित की जाएगी। निकटतम रेलवे स्टेशन कोयंबटूर है। सभी वर्किंग कमेटी सदस्यों से अनुरोध है कि वह अपनी यात्रा के लिए टिकट उपरोक्त के अनुसार बुक करें।**

**पदाधिकारी बैठक में दो प्रस्तावों को पारित किया गया जो निम्नलिखित है:**

- तेलंगाना के आर्टिसन्स कर्मचारी अपने नियमीकरण के लिए संघर्षरत हैं। वे एक संयुक्त हड़ताल कार्रवाई की योजना बना रहे हैं। EEFI तेलंगाना के कर्मचारियों के साथ मजबूत एकजुटता व्यक्त करता है।

- EEFI पेंशन नियम में किए गए दमनकारी संशोधन का विरोध करता है और देश भर में इसके खिलाफ संयुक्त कार्रवाई का आह्वान करता है।

**इस सर्कुलर के साथ कुछ हालिया संगठनात्मक गतिविधियों के विवरण पर एक नोट संलग्न है।**

**सधन्यवाद,**

Sudip Dutta

**(सुदीप दत्ता)**
**महासचिव**